

*नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।*
*शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः ।।*

*Perform your obligatory duty, because working is indeed better than sitting idle.*
*Even the maintenance of your body would not be possible without work.*

**प्रबंध निदेशक की कलम से:**

***प्रिय निगम परिवार,***

जैसा कि हम वर्ष 2025 में कदम रख रहे हैं, मैं सीडब्ल्यूसी परिवार के प्रत्येक सदस्य को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, जिनके समर्पण, कड़ी मेहनत और अडिग प्रतिबद्धता के बिना निगम इन ऊंचाइयों को प्राप्त नहीं कर सकता था। आइए, हम सब मिलकर पिछले साल के अद्वितीय सफर पर एक नज़र डालें। यह असाधारण उपलब्धियों, वृद्धि एवं दृढ़ता का वर्ष रहा है और मुझे गर्व है कि इस सफलता को मैं आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। केंद्रीय भंडारण निगम को प्राप्त "नवरत्न" का दर्जा निगम की दृढ़ता और दक्षता का प्रमाण है।

गत वर्ष हमने न केवल अपने लक्ष्य पूरे किए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में अपेक्षाओं से अधिक सफलता प्राप्त की। निगम ने राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के तहत लॉजिस्टिक्स डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए एनएलडीएसएल के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें हल्के परिवहन मॉडल, गेट और यार्ड प्रबंधन प्रणाली के विकास और यूलिप एपीआई के प्रयोग से ई-वे बिल डेटा पर बिजनेस एनालिटिक्स पर ध्यान केंद्रित किया गया। ईआरपी कार्यान्वयन, गोदामों में गेट स्वचालन, आईओटी, एआई और सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का उपयोग करते हुए, हमारे प्रमुख गोदाम प्रक्रियाओं के संपूर्ण स्वचालन पर ध्यान केंद्रित करना हमारे तकनीकी दृष्टिकोण को मजबूत करता है। संक्षेप में, निगम बड़े पैमाने पर तकनीक अपनाने की राह पर है, जो भारत सरकार के "डिजिटल इंडिया प्रोग्राम" के समरूप है।

केंद्रीय भंडारण निगम ने केंद्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी (सीएमएसएस) के लिए अपना पहला कार्य सफलतापूर्वक निष्पादित करके अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ी जिसमें सीडब्लयू-यशवंतपुर (बेंगलुरु) से कुरनूल तक चिकित्सा आपूर्ति की लोडिंग और परिवहन का प्रबंधन किया गया। विस्तार एवं विविधीकरण हेतु निगम ने राजस्थान और तमिलनाडु क्षेत्रों में भंडारण, हैंडलिंग और परिवहन कार्यों को शामिल करते हुए व्यापक तीसरे पक्ष की लॉजिस्टिक सेवाएं (3PL) प्रदान करने के लिए एपीईएक्स ग्लोबल फॉरवर्डर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि निगम अपने विशाल गोदाम नेटवर्क का लाभ उठाएगा और निर्बाध तथा प्रभावी लॉजिस्टिक समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

केंद्रीय भंडारण निगम ने नई परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए सबसे प्रतिष्ठित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली से पेस्ट नियंत्रण सेवाओं का अनुबंध प्राप्त किया। साथ ही, चेन्नई क्षेत्र में रेल रेक के माध्यम से नेफेड के लिए प्याज के थोक उत्पाद का परिवहन करके अंतिम-मील कनेक्टिविटी की सुविधा भी प्रदान की, जो देश में पहली बार हुआ।

मुझे यह बताते हुए अत्यधिक खुशी हो रही है कि वर्तमान में निगम कैलंडर वर्ष में 650 से अधिक गोदाम संचालित कर रहा है, जो ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके अलावा, गुजरात और राजस्थान राज्यों में मूंगफली की खरीद के लिए भारत सरकार के पीएसएस को समर्थन देने और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और कर्नाटका राज्यों में कपास की एमएसपी खरीद में निगम का योगदान सराहनीय है। हमने हरियाणा और पंजाब में एफसीआई के लिए परिवहन सेवाएं सफलतापूर्वक शुरू की हैं और कर्नाटका के डाबस्पेट और मैसूर में आधुनिक गोदामों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु केआईएडीबी के साथ साझेदारी की है। साथ ही, निगम ने सैंट्रल वेअरहाउस कडप्पा में भंडारण स्थान के उपयोग के लिए निप्पोन पेंट्स के साथ एक समझौता भी किया है। निगम देश के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में अपनी लॉजिस्टिक पहचान को तेजी से बढ़ा रहा है।

इसके अतिरिक्त, सीडब्ल्यूसी ने ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड के साथ रेक और कंटेनरों की आपूर्ति के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। परिवार को यह जानकर खुशी होगी कि सीडब्ल्यूसी ने अपना दूसरा रेक खरीदा, उसे कमीशन किया और संचालन शुरू किया है। नववर्ष में सीडब्ल्यूसी रेल और सड़क परिवहन के माध्यम से वृद्धि पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा।

केंद्रीय भंडारण निगम ने अपने प्रचालन को नए स्तर पर पहुंचाया है और ग्रेड 'ए' गोदामों का संचालन शुरू किया है, जिनमें 3,27,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल का गोदाम सेंट्रल वेअरहाउस-ग्रेटर नोएडा में और 1,18,000 वर्ग फुट का गोदाम सेंट्रल वेअरहाउस कलंबोली में शामिल है और जमाकर्ता को इसके उपयोग के लिए अंतिम रूप दिया गया। अगले वर्ष में, सीडब्ल्यूसी का लक्ष्य अपनी उन्नत गोदाम सुविधाओं का उपयोग ऑटोमोटिव घटकों के भंडारण और अतिरिक्त मूल्य वर्धित सेवाओं की आपूर्ति के लिए करने का है। निगम अपनी संयुक्त उद्यम (जे वी) नीति को अंतिम रूप देने के अंतिम चरण में है।

वर्ष 2024 हमारे ग्राहक आधार का विस्तार करने और साझेदारों और हितधारकों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए यादगार वर्ष रहेगा। नवाचार और गुणवत्ता पर हमारा ध्यान हमें उद्योग में अलग पहचान दिलाता है, और आपके द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता अत्युत्तम रही है।

आगे देखते हुए, मुझे पूरा विश्वास है कि हम नए वर्ष में और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार हैं। हमारी साझा दृष्टि, उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और सहयोगात्मक भावना हमारे निरंतर सफलता के प्रेरक शक्ति होंगे। मेरा मानना है कि 2025 हमारे लिए नए रोमांचक अवसर लाएगा और मुझे विश्वास है कि हम सभी मिलकर आने वाली चुनौतियों का सामना करेंगे।

जैसा कि हम इस नए वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप सीमाओं को पार करें, नवाचार को अपनाएं और उन मूल्यों पर ध्यान केंद्रित रखें जो हमें विशिष्ट बनाते हैं। आइए इस वर्ष को पिछले वर्ष से और अधिक सफल बनाएं, इसे अद्वितीय वृद्धि, उपलब्धि और सहयोग के वर्ष के रूप में याद किया जाए।

आपके असाधारण प्रयासों के लिए एक बार पुनः धन्यवाद। हम 2025 में एक साथ मिलकर जो कुछ भी प्राप्त करेंगे, उसके लिए मैं उत्साहित हूं।

आपको और आपके परिवार को सुखी, स्वस्थ और समृद्ध नववर्ष की शुभकामनाएं।

**प्रबंध निदेशक**
**केंद्रीय भंडारण निगम**

*कार्ये कौशलमस्तु*

***Let there be excellence in work***